
हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

11 मेरा नौ डांडी का बिजणा, मेरे राजाजी नै दिया घड़वा...

12 अनदेखी के चलते चौधरी बंसीलाल पार्क के ...







## खबर संक्षेप

### आरोपियों को लिया प्रोडक्शन वांरट पर

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपियों की पहचान गांव भाटला व हाल ढाणी चदरपुर निवासी अनिकेत व हांसी की मुल्तान कॉलोनी निवासी दिनकल के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रोडक्शन वांरट पर लिए गए आरोपियों ने कुछ दिन पहले पुरानी सब्जी मंडी के सामने से एक मोटरसाइकिल चोरी किया था।

### इस्कॉन केंद्र का दिव्य आनंद उत्सव 31 को

**हिसार।** श्रीश्री राधा श्याम सुंदर इस्कॉन प्रचार समिति के तत्वाधान में इस्कॉन केंद्र हिसार द्वारा परम भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य दिवस गौर पूर्णिमा के उपलक्ष में 31 मार्च को सायं डीएन कॉलेज हॉस्टल के सामने अग्रवाल कॉलोनी स्थित नारायणी देवी सेवा सदन में दिव्य आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के संरक्षक हरीश लोहिया ने बताया कि दिल्ली से रुक्मणी कृष्ण प्रभु व चंडीगढ़ से नाम प्रेम प्रभु के सान्निध्य में कथा-कीर्तन व अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे।

### संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ एवं जागरण कल

**हिसार।** श्री पंचमुखी बालाजी धाम चौधरी वास की असीम कृपा से श्री चौधरी वास धाम भक्त मंडल हिसार द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ व रात्रि जागरण 30 मार्च को स्थानीय अग्रसेन भवन में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। धाम के परम श्रधेय भाई सोनू जी वह भाई मोनू जी की अध्यक्षता में हुई सेवादारों की बैठक में निर्णय लिया।

### माता रानी की चौकी का आयोजन कल

**हिसार।** भाभड़ा बिरादरी, हिसार की ओर से 30 मार्च को भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा के पास मोहल्ला डोगरान में 33वीं माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन किया जाएगा। भाभड़ा बिरादरी के प्रधान देवकीनंदन ने बताया कि सायं 7:30 बजे भाभड़ा बिरादरी के पंच प्रधान भाई भाई जोगी, गोबिंद बेदी, प्रेम प्रकाश व जगदीश सेठी ज्योत प्रचंड करेंगे।

---

सरसों की सरकारी खरीद तीसरे दिन भी नहीं हो पाई शुरू

# भिवानी अनाजमंडी में पांच किसान सरसों लेकर पहुंचे

- 125 क्विंटल सरसों के कटे टोकन, हैंडलिंग एजेंट नियुक्त नहीं होने से नहीं हो पाई सरसों की सरकारी खरीद
- व्यवस्था पूरी न होने की वजह से मंडी पड़ी रही सरसों की ढेरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरसों की सरकारी खरीद की व्यवस्था मुक्कमल न होने की वजह से गुरुवार को सरसों की खरीद नहीं हो पाई। हालांकि मार्केट कमेटी ने पांच किसानों के सरसों के टोकन काटे,लेकिन व्यवस्था न होने की वजह से पूरे दिन अनाजमंडी में सरसों की ढेरी पड़ी रही। सरसों की सरकारी खरीद न होने के पीछे खरीद करवाने वाले हैंडलिंग एजेंटों की नियुक्ति न होना माना जा रहा है। सरकारी खरीद न होने की वजह से पूरे दिन अनाजमंडी में पांचों ढेरियां पड़ी रही। अब इन ढेरियों की कल खरीद होने की संभावना जताई जा रही है।

विगत में सरकार ने सरसों की खरीद शुरू करवाए जाने के निर्देश दिए थे। उसके बाद किसान सरसों लेकर मंडियों में पहुंचने लगे। इसी क्रम में गुरुवार को अनेक किसान अपनी सरसों की फसल लेकर मंडियों में पहुंचे। भिवानी अनाजमंडी में पांच किसान अपनी सरसों की फसल लेकर पहुंचे और उन्होंने मार्केट कमेटी में अपनी सरसों की फसल बिक्री के लिए टोकन कटवाए। मार्केट कमेटी ने करीब 125 क्विंटल सरसों के गेट पास जारी किए। उसके बाद किसान फसल को लेकर मंडी में पहुंच गए। मंडी उन्होंने फसल की ढेरी बनवा दी। पर सरकारी खरीद शुरू न होने की वजह से दिन भर किसान सरसों की खरीद शुरू होने का इंतजार करते रहे,लेकिन शाम तक सरसों की सरकारी बोली पर बिक्री नहीं हुई। जिसकी वजह से शाम तक किसानों की सरसों की ढेरियों मंडी में ही पड़ी रही। यहां यह बताते चले कि सरकार किसानों की सरसों 56 सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद रही है,जबकि मार्केट में 5 हजार रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक रही है। अगर सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई तो किसानों को औने पौने दामों में सरसों की फसल बेचनी पड़ सकती है।



**भिवानी।** अनाजमंडी में पहुंची सरसों की ढेरी। फोटो :हरिभूमि

### हैंडलिंग एजेंटों की नियुक्ति नहीं, आधे अधूरे इंतजाम

इस बार मार्केट कमेटी द्वारा सरसों की खरीद के लिए हैंडलिंग एजेंटों की नियुक्ति नहीं की गई है। साथ ही सरसों की खरीद के आधे अधूरे इंतजाम है। जिसकी वजह से अभी तक सरसों की खरीद शुरू नहीं हो पाई। बताते है कि जब तक हैंडलिंग या आढ़ती खरीद शुरू नहीं करवाते। तब तक किस तरह से सरकारी एजेंसियां खरीद कैसे करेगी। बताते है कि अभी एक दो दिन हैंडलिंग एजेंटो की नियुक्ति में लग सकते है। जब तक एजेंट नियुक्त नहीं होंगे। तब तक खरीद नहीं हो सकेगी। इस बारे में खरीद से जुड़े एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शुक्रवार या फिर शनिवार को हैंडलिंग एजेंट नियुक्त किए जा सकते है।

---

# मतदाता सूची में नाम होना जरूरी

- वोटर कार्ड के अलावा अन्य मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाल सकते हैं वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा चुनावी रूपी लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है।

### नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कहा कि संविधान में देश के सभी नागरिकों को समान रूप से अपने मत का प्रयोग का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 साल की उम्र पूरी कर चुके प्रत्येक युवक को अपना वोट बनवाएं और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या लघु सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकता है।

उन्होंने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है लेकिन उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, कंपनियों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र भी मान्य होंगे।

---

# कैमरों का एंगल सड़क की तरफ हो : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आज पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला आईपीएस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले में बैंक प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप संगठन व संचालक व सर्राफ। बाजार संगठन के पदाधिकारियों के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था। आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक भिवानी व संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जनता से विचार विमर्श किया गया, जिसमें दोनों तरफ से अपने विचार रखे गए। पुलिस अधीक्षक भिवानी ने बताया कि वर्तमान समय में सुरक्षा की दृष्टि से नई तकनीक का जमाना है। इसलिए उन्होंने सभी बैंक अधिकारी, बाजार,पेट्रोल पंप संचालक व सर्राफा बाजार के पदाधिकारी को उनके प्रतिष्ठान पर उच्च तकनीक वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने व उनकी कवरेज प्रतिष्ठान के मुख्य सड़क पर रखने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि प्राय देखने में आता है कि प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे का एंगल सिर्फ उनके दुकान तक सीमित रहता है। वही अपराधियों की धरपकड़ के लिए चौक व रोड के ऊपर कमरे का एंगल होना अति आवश्यक है।

### सुरक्षा को लेकर नया सुरक्षा रोड मैप तैयार

*पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला में आम नागरिक, व्यापारी वर्ग की सुरक्षा के मध्यनजर जिले में एक नया सुरक्षा रोड में तैयार किया गया है। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं, स्थान, बाजार के अनुरूप 21 ईआरवी, 21 राइडर,10 पीसीआर और 17 पुलिस नाके लगाए गए हैं। जिला भिवानी में 40 उच्च तकनीक वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिनके द्वारा जिले में संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।*

---

# बदहाल सीवरेज व्यवस्था से लोगों में रोष, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

शहर के वार्ड 13 में सीवरेज की बदहाल व्यवस्था के कारणों लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। सीवर ओवरफ्लो के चलते गंदा दूषित पानी भी गलियों व सड़कों पर फैल जाता है। ऐसा नहीं है कि इस विषय में नागरिकों द्वारा आवाज ना उठाई गई हो बल्कि पार्षद कुलदीप सैनी की अगुवाई में अनेकों बार संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवा दिया गया था, लेकिन कोई नतीजा निकलता दिखाई नहीं दे रहा।

संबंधित कर्मी व अधिकारी अपने रवैये से बाज आते दिखाई नहीं देते और न ही सफाई व्यवस्था सुचारू की जा रही है। इसी विषय को लेकर एक बार फिर पार्षद कुलदीप सैनी ने जनस्वास्थ्य विभाग कार्यकारी अभियंता से उनके कार्यालय में पहुंच कर मुलाकात की गई। इस दौरान वार्ड की बदहाल सीवरेज व्यवस्था पर चर्चा हुई व विभिन्न स्थानों पर इनकी सफाई के लिए युद्ध स्तर पर कदम उठाए जाने को लेकर पार्षद ने मांग उठाई। इसके साथ ही अपना मांग पत्र भी अधिकारी के समक्ष रखा। पार्षद कुलदीप सैनी ने बताया कि उनके वार्ड में सीवरेज ब्लॉक एक बड़ी समस्या का रूप धारण कर चुका है, जिसके कारण आए दिन गलियों में ओरवफ्लों का गंदा व दूषित पानी आ जाता है, बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोगों का गंदे पानी के बीच से आना जाना दूभर हो जाता है।

---

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

- एचडी स्कूल बिरोहड़ में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बालक का घर जैसा वातावरण व लाड़.प्यार देकर शिक्षिकाएँ पढ़ाई को मनोरंजन का माध्यम बनाते हुए उसकी रुचि बढ़ा सकती हैं। खेल.खेल में शिक्षण की बहुआयामी गतिविधियों का प्रयोग कर बच्चे के लिए शिक्षा को सरल बनाना शिक्षिकाओं का दायित्व है।

एचडी स्कूल बिरोहड़ के संस्कार सभागार में एचडी किड्स केयर समसपुर के सातवें वार्षिक उत्सव आशाएं के दौरान उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए बलराज फौगाट ने उपरोक्त बातें कहीं। उत्सव का आरंभ माँ शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर नन्हीं बालिकाओं नव्या, सोम्या,हेनल, लवण्या, खुशी आदि के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नर्सरी कक्षा की बालिकाओं हर्षिता,वंशिका, दिशु, स्नेहा, कनिष्का, माही, हिमांशी, हिताक्षी, एकता, शिवांसी, दिव्या, रितिका, रश्मि, जाह्नवी ने इत्ती.सी हँसी नृत्य गीत प्रस्तुत किया। नर्सरी और केजी् कक्षा के बालकों रिषभ, तेजस, उत्तम, माहिर, यश, पर्व, परमीत, हर्षित, जतिन, उमित, रक्षित, चिराग, दिव्यांश,नवीश, तन्मय, हर्दिप, तुषार,विरांश और मयंक ने हास्य से भरपूर आज है संडे नृत्य गीत के माध्यम से अभिभावकों को गुदगुदाया। शिवांसी के द्वारा प्रस्तुत डेली रुटीन् को अभिभावकों की भरपूर तालियाँ मीली। केजी कक्षा के नौनिहालों नियती, हिमानी, दिव्यांशी, प्रियांशी, मन्या, पुलकित, हर्ष, वंश, सोनिल, सोम्या, परीक्षितए,दीक्षित, आदि ने भाव.विभौर कर देने वाली प्रस्तुति ऊँ सांई राम नृत्य गीत से रिश्तों की नई इबारत कायम की। अभिभावकों ने भी स्कूल, स्कूल अध्यापकों व स्कूल प्रबंधन समीति की खुब प्रशंसा की। कार्यक्रम में एचओडी अंजलि कालरा, पूजा सोनी, अंजु चार्या, हर्षिता मनोचा, कविता और अंशुल आदि अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।




**चरखी दादरी।** उत्तम सुविधाएं एवं अनुभवी अध्यापक के बल पर ही है विद्यार्थी का सवांगीण विकास संभव : बलराज फौगा। फोटो :हरिभूमि

---

# 100 मिनट में होगा शिकायत का समाधान

- हर मतदान केंद्र की होगी वेबकास्टिंग
- जिला मुख्यालय पर स्थापित किया जाएगा कंट्रोल रूम : उपायुक्त मंदीप कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी मतदान केंद्रों को वेबकास्टिंग के माध्यम से कवर किया जाएगा और सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सेवाएं एवं सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का 100 मिनट के अंदर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों के साथ चुनाव तैयारियों की मंत्रणा के दौरान ये जानकारी दी, इससे पहले हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने जिला प्रशासन के साथ वीसी के माध्यम से चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक से पहले जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीसी में बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिलास्तर पर सभी तैयारी समय पर पूरी की जा रही हैं। टोल फ्री नंबर 1950 को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित किया है और सी-विजिल एप को लेकर भी टीम एक्टिव मोड में कार्य कर रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा तय सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए एआरओ सभी तैयारी समय पर पूरी करें, जो युवा 18 वर्ष के हो चुके हैं और वोट नहीं बनवाया है, उन्हें वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करें और सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निवारण करें।

### सभी बूथों का निरीक्षण सुनिश्चित करें

निर्वाचन अधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि सभी बूथों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी बूथों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान के दौरान नजर रखी जाएगी। वेब कास्टिंग को लेकर कैमरों की स्थापना का कार्य चुनाव आयोग के तय दिशानिर्देशों के अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला में स्वीप की गतिविधियों में तेजी लाई जाए ताकि अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

### सभी सुविधाएं मिलेंगी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। मतदान केंद्रों पर इस प्रकार से व्यवस्था की जाए कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो और सुगम तरीके से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के साथ-साथ अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

---

# प्राचार्य के नेतृत्व में नामांकन अभियान चलाया

- डोर टू डोर जाकर बताई सरकारी विद्यालय की विशेषताएं
- सुपर .100 के बारे में भी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू खंड में इस बार राजकीय विद्यालयों द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों की नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान चलाए जा रहे हैं। उसी कड़ी में गुरुवार को लोहारू के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल प्राचार्य राजीव कुमार के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में अभियान चलाया और अभिभावकों को मॉडल संस्कृति स्कूल की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया।

इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक लोहारू ब्रांच मैनेजर संदीप सिंह ने बैंक में उपभोक्ताओं को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया। प्रवक्ता राजीव वत्स ने विद्यालय की विशेषताओं को बैंक में उपस्थित उपभोक्ताओं को अवगत करवाया। प्रवक्ता अनिल सैनी ने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा डोर टू डोर अभियान के दौरान अभिभावकों को विद्यालय की विशेषता से अवगत करवाया गया। प्राचार्य राजीव कुमार आर्य ने बताया कि विद्यालय में योग्य स्टाफ के अलावा शिक्षा के आधुनिक उपकरण और जरूरी तकनीकी लैब व प्रशिक्षक उपलब्ध हैं। विद्यालय में बुनियाद कक्षाओं के अलावा सुपर.100 की तैयारी भी करवाई जा रही है। प्रचार अभियान में प्रवक्ता सुरेश कुमार, ऋतु शर्मा,दिनेश खेतान, उमेद सिंह, अनिल सैनी, नीरज शर्मा, मुकेश धानिया, अनिल कुमार,सुनीता, राजेश कुमारी, रेणु शर्मा, जगबीर दहिया, बबीता डीपीईए, सुमित कुमार, कमल शर्मा, सोमबीर, रचना सोनी, राजेंद्र सिंह, अन्नू देवी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**लोहारू।** नामांकन अभियान चलाते हुए लोहारू मॉडल संस्कृति स्कूल स्टाफ सदस्य।

---



लोहारू। प्राशिक्षण उपरांत ढिगावा की ड्रोन दीदी सुनीता नेहरा को ड्रोन प्रदान करते हुए अधिकारी।

# सुनीता नेहरा करेंगी ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव, प्रशिक्षण लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

हलके के ढिगावा मंडी की सुनीता अब ड्रोन दीदी बन गई है। इसके लिए उन्होंने गुरुग्राम से 15 दिन का प्रशिक्षण हासिल किया है और उन्हें कंपनी ने नैनो यूरिया के छिड़काव के लिए इफको द्वारा निशुल्क ड्रोन भी मुहैया करवा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में शुरू किए गए महिला ड्रोन पायलट नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम का महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस बारे में महिला ड्रोन पायलट नमो ड्रोन दीदी सुनीता नेहरा ने बताया कि उन्होंने गुरुग्राम से ड्रोन चलाने का 15 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड ;इफको द्वारा निःशुल्क ड्रोन दिया गया। जिला प्रबंधक अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार राणा ने बताया की ड्रोन की वास्तविक कीमत 15 से 16 लाख रुपए है। इसके लिए सुनीता नेहरा पत्नी सुरेन्द्र नेहरा को प्रशिक्षण भी हासिल कर लिया है। सुनीता नेहरा ने बताया की क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहतए खेतों में अब ड्रोन से खाद और कीटनाशक दवाइयों का ड्रोन से होगा छिडक़ाव।

---

खुशखबरी | एसोसिएशन के प्रयास से अटकी 134 ए और चिराग योजना की बकाया राशि हुई जारी : रामअवतार

# 'कल शाम तक 37 लाख 81 हजार रुपये प्राइवेट स्कूलों के खातों में होंगे ट्रांसफर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

134 ए और चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की बकाया राशि शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। प्राइवेट स्कूल्ज वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि एसोसिएशन के लम्बे संघर्ष के बाद शिक्षा विभाग ने आज प्राइवेट स्कूलों के लिए 134 और चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की बकाया राशि रिलीज़ कर दी है।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के अथक प्रयासों के बाद ये सम्भव हो पाया है। पिछले कुछ महीनों से लगातार एसोसिएशन शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में मिल रहा थाण एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के शिक्षा मंत्री से भी मिला था और उन्हें बकाया राशि के बारे में अवगत करवाया थाण उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द ही बकाया पैसा रिलीज़ किया जाएगा।



**भिवानी।** प्राइवेट स्कूल्ज वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा

### 38 लाख रुपये की बकाया राशि जारी की

राम अवतार शर्मा ने कहा कि चिराग योजना के तहत पूरे हरियाणा प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए 3781930 रुपये रिलीज़ किए गए हैं। अम्बाला के लिए 14000 रुपये, भिवानी के लिए 564000 रुपये,चरखी दादरी के लिए 51800 रुपये, फतेहाबाद के लिए 324800 रुपये, गुरुग्राम के लिए 15400 रुपये, हिसार के लिए 1124930 रुपये, जींद के लिए 242600 रुपये, कैथल के लिए 177100 रुपये, करनाल के लिए 60000 रुपये, कुरुक्षेत्र के लिए 126500 रुपये, पलवल के लिए 3500 रुपये, पानीपत के लिए 495200 रुपये, रेवाड़ी के लिए 7700 रुपये, सिरसा के लिए 509900 रुपये, सोनीपत के लिए 17600 रुपये, यमुनानगर के लिए 46900 रुपये जारी किये गए हैं। इसमें भिवानी के लिए पांच लाख चौंसठ हज़ार रुपये जारी किए गए हैं। भिवानी जिले में बवानी खेड़ा ब्लॉक के लिए 305400 रुपये, तोशाम ब्लॉक के लिए 23100 रुपये, सिवानी ब्लॉक के लिए 71500 रुपये, और भिवानी ब्लॉक के लिए 164400 रुपये जारी किये गए हैं। 134 के तहत हरियाणा प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए जारी की गयी राशि के बारे में जानकारी देते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि सत्र 2015 से 2022 तक के लिए कुल 323436800 रुपये रिलीज़ किए गए हैं जिसमें अम्बाला के लिए 4342400 रुपये, भिवानी के लिए 42511900 रुपये, चरखी दादरी के लिए 8087800 रुपये, फरीदाबाद के लिए 4218700 रुपये, फतेहाबाद के लिए 14752700 रुपये, गुरुग्राम के लिए 8974100 रुपये, हिसार के लिए 28025300 रुपये, झज्जर के लिए 21762400 रुपये, जींद के लिए 20334200 रुपये, कैथल के लिए 23009400 रुपये, करनाल के लिए 327036000 रुपये, कुरुक्षेत्र के लिए 40322300 रुपये, महेन्दरगढ़ के लिए 7200300 रुपये, नूह मेवात के लिए 6350600 रुपये, पलवल के लिए 3781100 रुपयेए पंचकूला के लिए 10652900 रुपये, पानीपत के लिए 15044500 रुपये, रेवाड़ी के लिए 9854200 रुपये, रोहतक के लिए 16225000 रुपये, सिरसा के लिए 5251000 रुपये जारी किये गए हैं।

भिवानी जिले के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए जारी की गयी राशि के बारे में जानकारी देते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि सत्र 2015 से 2022 तक के लिए कुल 42507100 रुपये रुपये रिलीज़ किए गए हैं जिसमें भिवानी जिले में बहल ब्लॉक के लिए 432400 रुपये, बवानी खेड़ा ब्लॉक के लिए 695000 रुपये, तोशाम ब्लॉक के लिए 868200 रुपये, सिवानी ब्लॉक के लिए 2267200 रुपये, और भिवानी ब्लॉक के लिए 37529300 रुपये, कैरू ब्लॉक के लिए 424200 रुपये, लोहारू ब्लॉक के लिए 290800 रुपये जारी किये गए हैं। सत्र 2022.23 के लिए भिवानी जिले के प्राइवेट स्कूलों में 134। के तहत पढ़ रहे बच्चों के लिए कुल 1094940 रुपये जारी किए गए हैं जिसमें बहल ब्लॉक के लिए 41400 रुपये,बवानी खेड़ा ब्लॉक के लिए 97740 रुपये, तोशाम ब्लॉक के लिए 242100 रुपये, सिवानी ब्लॉक के लिए 569700 रुपये, और भिवानी ब्लॉक के लिए 6300 रुपये, कैरू ब्लॉक के लिए 125100 रुपये, लोहारू ब्लॉक के लिए 12600 रुपये जारी किये गए हैं। रामअवतार शर्मा ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से बात करके ये सुनिश्चित किया है कि कल शाम तक ये राशि सभी प्राइवेट स्कूलों के से खातों में ट्रासंफर हो जाए।

## खबर संक्षेप



### बच्चों की सभी आदतों पर रखें ध्यान : डॉ. अनीता

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा की अध्यक्षता में नर्सरी से कक्षा पहली तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षा डॉ. अनीता ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्ज्वल के साथ किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व गिफ्ट्स वितरित किए गए। प्राचार्या डॉ.अनीता ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों की सभी आदतों पर नजर रखें।

### लोस चुनाव में जिम्मेदारी निभाएंगी महिलाएं

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के निर्देशों पर लोकसभा चुनाव के दौरान जिले की ओर से नई पहल देखने को मिलेगी। इस बार चुनाव में जिले की महिला कर्मचारी एवं अधिकारी जोश के साथ जिम्मेदारी निभाती नजर आएंगी। उपायुक्त ने महिला कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वयं आगे आकर चुनाव में सक्रिय ड्यूटी निभाने की अपील की है। जिले ने अनोखी व नई पहल का जिम्मा उठाया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों पर लोकसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया है।

### सार्वजनिक संपत्ति पर वॉल पेंटिंग बनाना गैरकानूनी

**चरखी दादरी।** किसी भी जिनी संपत्ति पर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार करना भारी पड़ सकता है। प्रचार सामग्री लगाने के लिए संबंधित संपत्ति मालिक से स्वीकृति लेनी जरूरी है और तीन दिन के अंदर अनुमति पत्र आरओ या एआरओ के कार्यालय में जमा करवाना होगा। ऐसा नहीं किए जाने पर डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत दोषी को छ महीने की सजा भी हो सकती है। डीसी मनदीप कौर ने बताया कि डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट यानी सार्वजनिक संपत्ति निरूपण अधिनियम के अनुसार सरकारी सहित किसी भी निजी संपत्ति का उपयोग प्रचार सामग्री लगाने के लिए नहीं किया जा सकता है।

# काकड़ौली हुकमी में अजय चौटाला बोले-कानूनी अड़चनें नहीं आती तो भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से वे स्वयं लड़ते चुनाव

## भाजपा पर लगाया गठबंधन तोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

जेजेपी द्वारा भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित करने के बाद ही उम्मीदवार सहित अजय सिंह चौटाला चुनाव प्रचार में जुट गए है। जेजेपी ने जहां बुधवार को ही नांगल चौधरी से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है था वहीं गुरुवार को अजय सिंह चौटाला सहित राव बहादुर सिंह ने बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार का आगाज कर दिया है। आज उन्होंने गांव काकड़ौली हुकमी में लोगों के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते समय उन्होंने कहा कि कानूनी अड़चने आड़े नहीं आती तो वे स्वयं भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते। वहीं उन्होंने भाजपा पर गठबंधन तोड़ने के आरोप लगाए हैं।

बता दे कि जजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है और इसी कड़ी में कल भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी भी घोषित कर प्रचार अभियान में जुट गए हैं। वीरवार को चरखी दादरी जिले के विभिन्न गांवों में कार्यक्त्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नितियों से लोगों को अवगत करवाया। इस दौरान अजय सिंह चौटाला ने साफ कहा कि यदि कानूनी बाधाएं बीच में नहीं आती तो भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से वे स्वयं उम्मीदवार होते। इस दौरान उनके साथ मौजूद राव बहादुर सिंह ने कहा कि जाट आंदोलन व किसान आंदोलन के दौरान जजपा द्वारा कोई विरोध नहीं किया गया। लेकिन सरकार में रहते इन आंदोलन के पक्ष में नहीं बोलना एक मजबूरी थी।


**बाढड़ा।** अजय सिंह चौटाला का काकड़ौली हुकमी में स्वागत करते ग्रामीण

### भाजपा पर लगाया गठबंधन तोड़ने का आरोप

अजय सिंह चौटाला ने चुनाव से पहले भाजपा.जजपा गठबंधन टूटने को लेकर भाजपा पर गठबंधन तोड़ने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जजपा ने चाहे पंचायत चुनाव हो या उप चुनाव सभी में पूरी ईमानदारी के साथ गठबंधन धर्म निभाया है। उन्होंने गठबंधन नहीं तोड़ा है बल्कि गठबंधन तोड़ने का निर्णय भाजपा का था।

### अजय चौटाला परिवार से एक व्यक्ति लड़ेगा चुनाव

अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जजपा सभी दस लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक उम्मीदवार घोषित कर दिया गया है और जल्द ही बाकि बचे 9 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। चौटाला ने कहा कि उनके परिवार से केवल एक सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ेगा। लेकिन उन्होंने यह साफ नहीं किया चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार नैना चौटाला, दिग्गविजय सिंह चौटाला या दुष्यंत चौटाला में से कौन होगा और कहा से चुनाव लड़ेगा।

## नन्हें मुन्ने बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

# मेरा नौ डांडी का बिजणा, मेरे राजाजी नै दिया घड़वा...

### लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में कॉनवेंट स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हालुवास गेट स्थित लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में लिटिल हार्टस कॉनवेंट स्कूल का वार्षिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन महंत वेदनाथ महाराज के सानिध्य व स्कूल के चेयरमैन त्रिलोकचंद गोयल की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम दास सर्राफ व डीईओ नरेश मेहता बतौर मुख्यतिथि तथा रिटायर्ड ईटीओ सीएल बंसल, रमेश हेतमपुरिया, महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के प्रधान रामदेव तायल, ऋषिकांत, बृजभुषण, नगर पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान रामअवतार शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में अमित डागर, यतिंद्रनाथ, आकाश रहेजा, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, सुशील बुवानीवाला, सुरेश सर्राफ, प्रमोद मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लड्डु गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल, महासचिव संजय गोयल, प्रबंध निदेशक पवन गोयल व भावना गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल विशेष रूप से उपस्थित थे। परिणाम में प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी कक्षा के 97 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम ग्रुप हासिल कर उत्तीर्ण की। वहीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय कक्षा के 93 प्रतिशत बच्चों ने स्कॉलरशिप प्राप्त की है।


**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*



**भिवानी।** लिटिल हाट्‌र्स स्कूल में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

#### स्कूल चहुंमुखी विकास पर देता विशेष ध्यान

प्रबंध निदेशक पवन गोयल ने बताया कि स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र के दौरान बच्चों के चहुंमुखी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्राचार्या वीना सेठ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य बसंत मुदगिल, को-ओर्डिनेटर संचित जैन, मेघा जैन, पूनम मस्ताना, ममता, सुनीता शर्मा, अन्नु, ज्योति व रिटा शर्मा आदि मौजूद रहे।

#### छोरा मैं हरियाणे का पर शानदार प्रस्तुति

उन्होंने बताया कि द्वितीय कक्षा के ऋषभ, मेहर, उदित, इशांत, आरव, समर्थ ने छोरा मैं हरियाणे का, आरवी, मेहुल, याशिका, वेद्या, स्नेहा, यादवी ने मेरा नौ डांडी का बीजना, गर्व, दर्शित, रियांशी, दिव्या, आयुशी, हिमाली ने पंजाबी भांगड़ा, तृतीय कक्षा के युवराज, युग, माधव, रेयांश, मितांशी, इशिका ने गोविंद बोलो, हर्षित, हायान, विहान, याशविन, वंश ने हनुमान चालीसा का पाठा किया।



### उत्तमीबाई की छात्राओं ने दिखाई सांस्कृतिक प्रतिभा

**भिवानी।** श्रीमती उत्तमीबाई आर्य कन्या वमा विद्यालय में प्री-प्राइमरी से 11वीं कक्षा तक की कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम और पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वस्ति वाचन व मां सरस्वती की वंदना से हुआ। छात्राओं ने अमर कवयित्री महादेवी वर्मा के गीत मधुर-मधुर मेरे दीपक जल पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी एकल नृत्य व प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित नाटिका का मंचन किया। परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्यतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन प्रीति भवानी प्रताप ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति सचिव सीपी चावला, सूक्षा वधवा, आशा अवस्थी, निर्मल चावला, प्राचार्या अनीता बासोतिया ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। मंच संचालन धीरज व छात्रा प्रिया ने किया।



### वैश्य एडिड प्राइमरी स्कूल ने परिणाम किया घोषित

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों का समग्र विकास होता। बच्चों को उक्त क्षेत्र में जी तोड़ मेहनत करनी चाहिए। ताकि अपने मुकाम तक आसानी से पहुंचा जा सके। वे वैश्य एडिड प्राइमरी स्कूल भिवानी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शिवरत्न गुप्ता.अध्यक्ष वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट भिवानी, घनश्याम दास सर्राफ विधायक भिवानी एवं पूर्व मन्त्री .अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध.समिति, पवनकुमार बुवानीवाला.उपाध्यक्ष.विद्यालय प्रबन्ध.समिति, बृजलाल सर्राफ .महासचिव विद्यालय प्रबन्ध.समिति, विजयकिशन अग्रवाल.कोषाध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध.समिति, सुन्दरलाल अग्रवाल सदस्य विद्यालय प्रबन्ध.समिति, प्रवीण गर्ग.सदस्य विद्यालय प्रबन्ध.समिति एवं महेश गर्ग सीईओ वैश्य सीनियर सैकेडरी स्कूल, भिवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन के द्वारा किया गया। तदोपरान्त महेश गर्ग द्वारा आए हुए अतिथि महानुभावों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर शिवरत्न गुप्ता ने बताया कि शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है।

# एसयूसीआई ने भिवानी महेंद्रगढ़ लोस क्षेत्र से रोहतास को बनाया उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इण्डिया (कम्युनिस्ट) पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की सूची की कड़ी में भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा सीट से रोहतास सैनी को उम्मीदवार घोषित किया। सैनी धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए एसयूसीआई (सी) के राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र एडवोकेट ने कहा कि मेहनतकश वर्ग की एकमात्र भरोसेमंद हमारी क्रांतिकारी पार्टी है, जो स्थापनाकाल से लेकर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि एसयूसीआई (सी) जनसमस्याओं के खिलाफ लगातार अनुशासित व संगठित जनआंदोलन चलाते हुए समस्याओं के समाधान करने में विश्वास करती है, इसीलिए पार्टी ने जनता की समस्याओं को लेकर कई बड़ी लड़ाइयां लड़ी हैं। पार्टी के संस्थापक कॉमरेड शिवदास घोष ने कहा है कि राजनीति उच्च स्तर की हृदयवृत्ति है, इसलिए इस स्तर की राजनीति की मशाल प्रज्वलित करनी होगी। भाजपा व अन्य विपक्षी पार्टियां जनजीवन के असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए जाति-धर्म, क्षेत्र-भाषा, मंदिर-मस्जिद व फूटपरस्ती की भावना को बढ़ावा देकर नकली मुद्दे उठा रही हैं। सभा में भिवानी-महेंद्रगढ़ से प्रत्याशी रोहतास सैनी,पार्टी के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह, पोलिट ब्यूरो सदस्य सत्यवान के लावा धर्मवीर सिंह, फूल सिंह, मास्टर बस्तीराम, सुखबीर सिंह, राजकुमार बासिया आदि मौजूद रहे।



# माकपा भाजपा को हराने को चलाएगी जन अभियान

- भाजपा के संगठनों ने धर्म व जाति आधार पर आपसी भाईचारे को पहुंचाया नुकसान : कामरेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद भगत सिंह यादगार भवन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी की आम सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड अनिल ने की।

पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड इन्द्रजीत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों से भाजपा गठबंधन सरकार ने किसान, मजदूर व आमजन के विरोध व बड़े कॉरपोरेट हित में नीतियां बनाकर देश में भंयकर बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार तथा आर्थिक गैर बराबरी पैदा कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवधि में सरकार की शह पर भाजपा के अनुवांशिक संगठनों ने धर्म और जाति के आधार पर आपसी भाईचारे को भारी नुकसान पहुंचाया। किसान मजदूरों को लूटने के लिए देश के संसाधनों को अपने चहेते कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, उर्जा, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, रेलवे, हवाई अड्डे व बंदरगाह सब अपने मित्र कॉरपोरेट के हवाले किए जा रहे हैं, बदले में कॉरपोरेट से अरबों रुपये चुनावी फंड लेकर लोकतान्त्रिक प्रणाली को तहस नहस कर रहे है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी करके लोकतांत्रिक प्रणाली को प्रभावित किया जा रहा हैं, इसलिए चुनाव में भाजपा को हराना देश बचाना है। माकपा भाजपा हराने व इन्डिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने वास्ते जिलेभर संसदीय क्षेत्र में स्वतन्त्र रूप से अभियान चलाएगी। इस अवसर पर सचिव मण्डल सदस्य सज्जन कुमार सिंगला, राममेहर, रामफल देशवाल, सुखदेव पालुवास, सन्तोष देशवाल, शीला बलियाली, करतारसिंह ग्रेवाल, राजेश कुंगड़, रणधीर कुंगड़, सुमेर बाढड़ा, मास्टर वजीर, बिमला घनघस आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक को संबोधित करते कामरेड इंद्रजीत सिंह।

### बैठक में 400 पार को लेकर बनाई रणनीति

**भिवानी।** गुरुवार को बवानीखेड़ा विधानसभा के खरक मंडल में खरक मंडल, तिगड़ाना मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खरक मंडल अध्यक्ष अशोक खलेरा, व तिगड़ाना मंडल कंवर सिंह ने की। बैठक के दौरान तीनों मंडलां के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष व लाभार्थी संपर्क अभियान के संयोजकों के अलावा भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं को 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी को अधिक से अधिक वोटो से जिताने का आह्वान किया।



### एक या दो को होगी टिकटों की घोषणा : चौधरी

**भिवानी।** अपने दादा की पुण्यतिथि पर पहुँची कांग्रेस की पूर्व सांसद श्रुति चौधरी अपनी टिकट को लेकर बेहद आश्वस्त दिखी। उन्होंने सरकार व भाजपा पर करारे कटाक्ष किए। बता दें कि 18 साल पहले 28 मार्च 2006 को हरियाणा निर्माता कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का निधन हो गया था। वो बंसीलाल जिन्होंने ईमानदारी व समान विकास की मिसाल क़ायम की थी। जिनका हरियाणा के निर्माण में और फिर हरियाणा में बिजली, पानी व सडक़ों का जाल बिछाने के लिए याद किया जाता है। उनकी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गाँव गोलागढ़ में उनकी पोती एवं पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने सैंकड़ों समर्थकों के साथ अपने दादा को याद कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने देश व प्रदेश के ताजा राजनीतिक हालातों व हरियाणा में लोकसभा टिकटों के बंटवारे के सवालों का बेबाक़ी से जवाब दिया। सबसे पहले चौधरी ने अपने दादा चौधरी बंसीलाल को याद करते हुए कहा कि हरियाणा का कोई गांव या गली नहीं,जहां विकास को लेकर बंसीलाल को याद ना किया जाता हो। श्रुति चौधरी ने कहा कि एक या दो अप्रैल के बाद हरियाणा में कांग्रेस लोकसभा की टिकटें दे देगी।

## ऐसा सीएम एवं नेता न पहले कभी हुआ और न भविष्य में होगा : अनिरूद्ध चौधरी

# रणबीर महेंद्रा ने समर्थकों सहित स्व. बंसीलाल को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल की 18 वीं पुण्य तिथि पर ज्येष्ठ पुत्र एवं पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा तथा अनिरूद्ध चौधरी ने समर्थकों के साथ गांव गोलागढ़ पहुंचकर उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। वहां पर एक प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इससे पहले उन्होंने सराय चौपटा स्थित स्व. बंसीलाल की प्रतिमा तथा बंसीलाल पार्क स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा ने कहा कि उनके पिता एवं पूर्व सीएम बंसीलाल ने ऐसे समय में प्रदेश का विकास करवाया, जिस वक्त आधूनिक मशीनों का युग नहीं आया था। हर गांव तक सड़क, बिजली पहुंचाई। यहां तक हर गांव ढाणी में पीने के पानी लाइन भी उन्हीं की देन है। पूर्व सीएम बंसीलाल ने ही कई फुट ऊंचे टिल्लों पर पम्पसेटों के जरिए पानी पहुंचाया और हरियाली बनी। इस मौके पर पौत्र अनिरूद्ध चौधरी ने कहा कि उनके दादा स्व. बंसीलाल की समाधि पर पहुंचता है। वह उनके परिवार का सदस्य होता है। वह कभी हमसे दूर नहीं जाता और न ही वे उनसे दूर होते। उन्होंने कहा कि जो आप सभी लोगों ने सहयोग से आगे बढ़े है और भविष्य में इसी तरह तालमेल बनाकर आगे बढ़ेगे तो कोई मंजिल उनसे दूर नहीं होगी।


**भिवानी।** स्व . बंसीलाल की पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित करते रणबीर सिंह महेंद्रा।


**भिवानी।** प्रार्थना सभा को संबोधित करते अनिरूद्ध चौधरी।

### आधुनिक हरियाणा के निर्माता थे चौधरी बंसीलाल

वीरवार को पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौ बंसीलाल की पुण्य तिथि के अवसर पर उनको याद करते हुए अपने श्रदा सुमन अर्पित करें इस अवसर पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा की चौ. बंसीलाल आधुनिक हरियाणा के निर्माता थे। जिन्होंने हरियाणा के प्रत्येक गांव तक बिजली पानी व सड़क पहुंचाने का काम किया चौ. बंसीलाल एक विकास पुरुष थे, जो बिना थके बिना रुके प्रदेश की प्रगति और उन्नति के लिए कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि चौ बंसीलाल से ही उन्होंने अपनी राजनीति सीखी हैं।

## खबर संक्षेप

### बॉक्सिंग खेल अकादमी में चयन को ट्रायल 4 को

**भिवानी।** खेल विभाग के आदेशानुसार भीम स्टेडियम में बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में 14 से 23 आयुवर्ग तक के खिलाड़ियों की ट्रायल चार अप्रैल को प्रातः 9 बजे भीम स्टेडियम में होगी। जिला खेल अधिकारी धुरेंद्र सिंह ने बताया कि बॉक्सिंग अकादमी में बॉक्सिंग खेल के 11 चयन सूची व 10 प्रतीक्षा सूची खिलाड़ियों के चयन का ट्रायल लिया जाएगा।

### 31 को रात 12 बजे तक खुलेगी ट्रेजरी व बैंक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने वित्त वर्ष की समाप्ति को देखते हुए जिला खजाना कार्यालय सहित संबंधित बैंक शाखाओं व पोस्ट ऑफिस को 31 मार्च के दिन रात 12 बजे तक खुला रखने के निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने वित्तीय नियमों एवं खजाना महानिदेशक के आदेशों का हवाला देते हुए ये आदेश जारी किए हैं।

### गांव कादमा के मंदिर में महिला की चेन तोड़ी

**बाढ़ड़ा।** गांव कादमा के मंदिर में पूजा के लिए गई महिला के गले से भीड़ में सोने की चेन तोड़ ली गई। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर चोर की तलाश कर उसकी चेन बरामद करने की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में कादमा निवासी महिला स्वीटी ने बताया कि वह गांव के बाबा बूटी थाना मंदिर में पूजा के लिए गई थी। मंदिर में पूजा करने आने वाले लोगों की काफी भीड़ थी। उसने बताया कि मंदिर में पूजा करते समय उसकी सोने की चेन चोरी हो गई।

# अनदेखी के चलते चौधरी बंसीलाल पार्क के सौंदर्यीकरण को लगा ग्रहण

## बच्चों के खेलने के झूले, लोहे की ग्रिल, बैठने की सीट व डस्टबिन टूटी






**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल पार्क में लोहे की उखड़ी ग्रिल , जर्जर दीवार, टूटे झूले, डस्टबिन दिखाते पार्षद विनोद ,टूटी बैठने की सीट दिखाते पार्षद प्रजापति और पेयजल समस्या व सौंदर्यीकरण को लेकर एडीसी को ज्ञापन सौंपने जाते पार्षद विनोद प्रजापति व क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ दो सप्ताह से पेयजल समस्या को तरस रहे वार्ड-25 के क्षेत्रवासी

सरकार हर घर नल-हर घर जल का नारा देकर लोगों की पेयजल समस्या दूर करने का दावा करती है, वहीं वार्ड 25 में करीब दो सप्ताह से पेयजल समस्या भंयकर बनी हुई है। वार्ड के रामगंज मोहल्ला, सैनी पुरा, कुम्हारों का मोहल्ला, नारनोली मोहल्ला सहित अनेक गली मोहल्लों में करीबन दो सप्ताह से पेयजल की किल्लत है, जिससे क्षेत्रवासी परेशान है।

वहीं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की अनदेखी के चलते चौधरी बंसीलाल पार्क में अव्यवस्था फैली हैं और पार्क के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लग चुका हैं। वीरवार को पार्षद विनोद प्रजापति व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश प्रजापति की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर एडीसी को मांगपत्र सौंपा और जल्द समस्या के समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने चौधरी बंसीलाल पार्क के सौंदर्यीकरण करने की मांग उठाई। पार्षद विनोद व सुरेश सैनी ने बताया कि ये पार्क आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र पार्क है, लेकिन इसकी स्थिति बद से बदत्तर बनी हुई हैं। पार्क में न सफाई और न लाइटों की व्यवस्था है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की अनदेखी के चलते पार्क की स्थिति बदहाल हैं। पार्क की चारदीवारी जर्जर और लोहे की ग्रिल अनेक जगहों से उखड़ी हुई हैं, जो पार्क के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लग रही हैं।


उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पार्क में चौकीदार की व्यवस्था करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यक पूरी किए जाने का दावा करते है, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर हैं। पार्क में बच्चों के खेलने के सभी झूले टूटे हुए हैं। पार्क में बच्चे उत्साहित होकर आते हैं और टूटे झूलों को देखकर निराश होकर लौटते हैं, जबकि प्रशासन को जल्द झूलों को ठीक करवाना चाहिए।

### पार्क में डस्टबिन टूटे, गंदगी फैली

पार्षद प्रजापति व सुरेश ने बताया कि चौधरी बंसीलाल पार्क में जगह जगह लगे डस्टबिन पूरी तरह से टूट चुके हैं, जिसके चलते पार्क में गंदगी फैली रहती हैं। पार्क में आने वाले लोग डस्टबिन टूटे होने के कारण कूड़ा कचरा इधर उधर फेंक देते हैं, जिससे पार्क में गंदगी का आलम बना रहता हैं। पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर जिला प्रशासन व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को ध्यान देना चाहिए और समस्याओं को समाधान करवाना चाहिए, ताकि लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

### वार्ड में गहराया पेयजल संकट

पार्षद विनोद, प्रदीप मास्टर, चंदन बर्मन, राजीव बेड़वाल, मुंशीराम ने ज्ञापन के माध्यम से एडीसी से मांग की कि वार्ड नंबर-25 में गहराए पेयजल संकट का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए दूर दराज न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी के मौसम की सही शुरुआत भी नहीं हुई और क्षेत्रवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों को मजबूरीवश टैंकरों से पानी खरीदकर पीना पड़ता हैं, जो गरीब परिवारों के लिए संभव नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



**बाढ़ड़ा।** प्रतीक को सम्मानित करते ग्रामीण

# दो करोड़ की स्कॉलरशिप पाने वाले प्रतीक सांगवान को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

■ 29 वर्षीय सांगवान को इंग्लैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क में पीएचडी करने का मौका मिला है

इंग्लैंड में पीएचडी के लिए दो करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप पाने वाले प्रतीक सांगवान को वीरवार को ग्रामीणों ने पिचौपा खुर्द में नोटों की माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने इस दौरान प्रतीक व उनके पिता हैडमास्टर सुरेंद्र सिंह परिवाजनों को बधाई देते हुए बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रेतीले टिलों में लगातार जलस्तर नीचे जाने के बाद बने जल संकट के हालातों को अपनी आंखों से देखने व पूर्वजों के समक्ष आई समस्याओं के बाद चरखी दादरी के गांव पिचौपा खुर्द निवासी प्रतीक सांगवान ने जल संकट का आधुनिक तकनीक से दूर करने का संकल्प लिया। अपनी करीब आठ साल की मेहनत के बूते 29 वर्षीय प्रतीक सांगवान को इंग्लैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क में पीएचडी करने का मौका मिला है। यूके सरकार के प्राकृतिक पर्यावरण अनुसंधान परिषद के तरफ से प्रतीक सांगवान को दो करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप मिली है। अब वह विदेश धरती पर हरियाणा सहित उत्तर भारत में बने जल संकट के लिए विदेशी धरती पर शोध करेगा। बेटा की उपलब्धि पर परिजनों व ग्रामीणों ने खुशियां मनाते हुए उनका स्वागत कर उसे बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रतीक सांगवान ने बताया कि वह चरखी दादरी जिले के ऐसे क्षेत्र से आता है जहां प्रतिवर्ष जलस्तर नीचे जा रहा है । जिसे आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सपना संजोया है कि वह विदेश धरतीपर आधुनिक तकनीकों के माध्यम से रिसर्च कर इसका समाधान खोजेगा और आने वाले समय में पूरे उत्तर भारत को गहराते जलस्तर की समस्या से निजात दिलाने का काम करेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उनके पिता सुरेंद्र सिंह, माता राजबाला, मास्टर पवन कुमार, सतबीर सिंह,अनिल कुमार, पिचौपा कलां सरपंच प्रतिनिधि अशोक, पिचौपा खुर्द सरपंच सुरेंद्र, बीर सिंह, राहुल, मुकेश, आनंद,सुखबीर मान, महावीर, सुरेंद्र,बाबूलाल, पूर्व सरपंच दयानंदआदि मौजूद थे।



**भिवानी।** एसपी वरुण सिंगला को सम्मानित करते व्यापारी।

# व्यापारियों ने एसपी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ कानून व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए पुलिस कर रही काम : कौशिक

चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने शहर के प्रतिष्ठित व प्रबुद्ध लोगों की बैठक को संबोधित किया और सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों की सुरक्षा के लिए कैमरे लगवाने का आह्वान किया, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि कई बार दुकानों के आगे कैमरे न होने से चोर आसानी से बच निकलते है वो कड़ी मशक्कत के बाद ही पुलिस के हाथ लगते है। बैंक अधिकारियों को भी कहा कि वे अपने एटीएम पर एक गार्ड जरूर लगाए व पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। भिवानी व्यापार मंडल के प्रधान जेपी कौशिक ने कहा कि जब से एसपी सिंगला आए हैं, तब से चोरी, डकैती, लूटपाट के मामलों में कमी आई हैं। उन्होंने एसपी सिंगला का शॉल व गुलदस्ता देकर सम्मान दिया। इस अवसर पर प्रधान उमेश शर्मा, प्रधान सुरेश गोयत, प्रधान प्रवीण गुप्ता, प्रधान ललित लेघां, विकास प्रधान, भानूप्रकाश प्रधान, प्रधान अतुल रोहिल्ला, सचिन ज्वेलर्स, राजकुमार नागर, राजकुमार यादव, गुलशन प्रधान, मोहित तंवर, शिवम कौशिक मौजूद थे।

# वीर शहीद सुरेश स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने चलाया दाखिला जागरूकता अभियान



**भिवानी।** वीर शहीद सुरेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय मित्ताथल के स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्या राजरानी के मार्गदर्शन में बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्टाफ सदस्यों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को सरकारी स्कूल में दी जाने वाली उच्च शिक्षा व संस्कारों के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्या राजरानी ने बताया कि सरकारी स्कूल बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए वचनबद्ध हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में प्राईवेट स्कूलों तर्ज पर नाममात्र फीस में बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सीसीई के अंतर्गत मासिक, छह माही एवं वार्षिक परीक्षाएं ली जाती हैं। समय-समय पर पाठयक्रम पर आधारित व अन्य सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिताएं होती हैं, जिससे की बच्चों के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को स्कूल में प्रवेश महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर कृष्णा सिवाच,ऊमा, परमानंद, सुमित्रा, दीपिका, अनीता, मंजू, अनीता, जोगेन्द्र, प्रमोद, कमलेश, कृष्णा, जमुना, ममता, संदीप, कार्तिक, अनीता, अन्नु आदि ने घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया।

# रैली और जनसभाओं पर रखी जाएगी नजर: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ बवानीखेड़ा, भिवानी, तोशाम तथा लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 18 वीडियो निगरानी टीम वीएसटी टीमें बनाई

लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने अलग अलग टीमों का गठन किया है। चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान निगरानी के लिए जिला की चारों विधानसभाओं बवानीखेड़ा, भिवानी, तोशाम तथा लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 18 वीडियो निगरानी टीम वीएसटी टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें चुनावी रैली.जनसभाओं में होने वाले खर्च की वीडियोग्राफी से निगरानी करेंगी ताकि आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने बताया कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए चार वीएसटी टीमें नियुक्त की हैं।

गांव जीताखेड़ी, मिलकपुर, सिकंदरपुर,ढ़ाणी कुशाल, ढ़ाणी चोरटापुर, दुर्जनपुर बड़सी, अलखपुरा, सिवाना खेड़ी, दौलतपुर, भैणी रांगड़ान,भैणी जाटान, भैणी कुंगड़, कुंगड़, जमालपुर, पपोसा, रोहनात, सीपर, बोहल, रतेरा के लिए पब्लिक हैल्थ एसडीओ सूरज प्रकाश को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से गांव बलियाली, रामपुरा, सुई,सुमरा खेड़ा, पुर, सिवाड़ा,तालू, बवानीखेड़ा के लिए सिंचाई विभाग के एसडीओ जगबीर सिंह को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। गांव मंढ़ाणा, प्रेम नगर, लोहारी जाटू, मुंढाल कलां, मुंढाल खुर्द, सुखपुरा, धनाना, जताई, तिगड़ी, तिगड़ाना, घुसकानी,मित्ताथल, बडेसरा, रिवाड़ी खेड़ा, ढ़ाणी हरसुख, गुजरानी, चांग, सैय के बूथों के लिए हरियाणा विद्युत विभाग के एसडीओ नरेश कुमार को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। गांव पालुवास, निनान, सरसा, कालुवास, नाथुवास, खरक कलां, खरक खुर्द व कलिंगा के बूथों के लिए विद्युत विभाग के एसएसई सुमित कुमार को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। डीसी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र लोहारू के गांव सिवानी, ढ़ाणी रामजस,ढ़ाणी मिठी, ढ़ाणी बलहारा, खेड़ा, धुलकोंट, रूपाणा, बढ़वा, किकराल, देवसर, नलोइ, गुरेरा, ढ़ाणी सिलाल वाली, लीलस, सैनीवास माजरा, झुपा कलां, मोतीपुरा माजरा, गैंडावास, बुधशैली, घंघाला के बूथों के लिए पब्लिक हैल्थ के एसडीई उमेद सिंह सोनी को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से गांव मोहिल्ला, खरकड़ी, बखतावर पुरा, शेरपुरा.माजरा.मोहिल्ला, गड़वा,गुड्डा, कालोद, बिधवान, कलाली, तलवानी, मंढोली खुर्द, सिवाच, ढ़ाणी भाखरान, झुंपा कलां व खुर्द, मतानी, मिड्ढी, गरवा, मोरक्का, पातवान, सुरपुरा कलां व खुर्द के लिए एसडीई पब्लिक हैल्थ प्रतीक कुंडू को वीएसटी टीम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

# पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा का जल्द होगा तोशाम व भिवानी में आगमन : चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



■ किस कार्यो में हरसंभव सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।

जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात कर क्षेत्र में विकास को लेकर चर्चा की। चैपरपर्सन मलिक ने ढांडा के मंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व व महिपाल ढांडा के पंचायत मंत्री बनने से गांवों का चहुमुखी विकास होगा। इनके नेतृत्व में गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। जिला परिषद चेयरपर्सन ने नवनियुक्त पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा को बधाई देते हुए तोशाम हलके में आने का निमंत्रण दिया।

पंचायत मंत्री ने भी जल्द ही तोशाम आने और विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। चेयरपर्सन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार की सोच गांव का विकास प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास केंद्र व प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं विकसित करने के लिए हरियाणा स्मार्ट ग्राम प्राधिकरण का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल बनाने के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया है। प्रदेश के ज्यादातर गांवों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की हमारी योजना को केंद्र सरकार ने स्वामित्व योजना के रूप में पूरे देश में लागू किया है। जिप चेयरपर्सन ने कहा कि सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं की शक्तियों का विकेंद्रीकरण कर उन्हें और अधिक स्वायत्तता प्रदान की है।

# प्रवेश उत्सव को लेकर गठित की टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर व प्राचार्या प्रवेश उत्सव चलाते हुए।

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या संतोष भाकर द्वारा प्रवेश उत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर के आदेशों की पालना करते हुए स्टॉफ की टीमें बनाई।

सभी टीमों ने बवानी खेडा के सभी वार्डों में जाकर डोर टू डोर लोगों क्रो सरकारी स्कूलों में दाखिले के प्रती प्रेरित किया। हालांकि अधिकारी ने स्वयं भी इसकी कमान संभाली और दाखिले के लिए प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव क्रो लेकर अभियान विशिष्ट अतिथि के रूप में एपीसी बलजीत दहिया, प्राचार्या संतोष भाकर,सत्यवान, नवीन कुमार, विरेन्द्र राहड़ आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। व्यवस्था प्रबंधन विद्यालय मुखिया शारदा रानी ने किया। प्रवेश उत्सव में बवानी खेड़ा कलस्टर के लगभग आधा दर्जन प्राथमिक पाठशालाओं के मुखियाओं व स्टाफ ने भी एसएमसी सदस्यों,परिजनों व बच्चों संग अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंची डीईईओ संतोष देवी नागर ने उपस्थिजनों को बताया कि सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों से अधिक सुविधाएं उपलब्ध है। अनेक परीक्षाएं उत्तीर्ण करके विभाग द्वारा विद्यालय में नियुक्तियां की गई है। वहीं उन्होंने मॉडल संस्कृति विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षाए पीएम श्री विद्यालयों में सभी सुविधाओं का भी हवाला दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों को जागरूक करते हुए बताया कि बीते वर्ष की बजाए नए सत्र में 25 प्रतिशत विद्यार्थियों के नामांकन में बढ़ोतरी करनी है। वहीं एपीसी बलजीत दहिया ने लोगों को जागरूक करके दाखिला संख्या में बढ़ोतरी करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## तोशाम के गांव पटौदी तथा लोहरू उपमंडल के गांव गोकुलपुरा पहुंचे डीसी

# उपायुक्त ने गिरदावरी के मिसमैच डाटा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम/बहल/लोहारू



**तोशाम।** गिरदावरी का मिलान करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

उपायुक्त नरेश नरवाल ने वीरवार को गांव तोशाम के गांव पटौदी तथा लोहरू उपमंडल के गांव गोकुलपुरा व लोहारू के खेतों में पहुंचे। उन्होंने वहां पर रबी फसल.2024 की गिरदावरी के मिसमैच डाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर फसलों की सही ढ़ंग से गिरदावरी करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कोई भी फसल मिसमैच न हो। उपायुक्त नरवाल ने तोशाम क्षेत्र के गांव पटौदी के खेतों में एसडीएम मनोज कुमार,तहसीलदार अंकित बेनीवाल तथा संबंधित कानूनगों व पटवारियों से गांव पटौदी, गारनपुरा तथा ढ़ाणी माहू का कुल रकबा सरसों बिजाई का कुल रकबा तथा गेहूं व अन्य फसलों की गिरदावरी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुल सरसों का एरिया कितना है, मिसमेच कितना एरिया है। डीसी ने सजरा व ई.गिरदावरी एवं टैब में सभी का मिलान किया। उन्होंने किसानों से भी उनकी फसलों की गिरदावरी बारे विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने गिरदावरी से जुड़े अधिकारियों से कहा कि वे इस मामले में किसी तरह की कोई कोताही न बरते। अगर ढिलाई हुई उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने गांव गोकुलपुरा के खेतों में जाकर रबी फसल.2024 में सरसों, गेहूं तथा अन्य फसलों की गिरदावरी का मिलान किया। एसडीएम अमित कुमार, तहसीलदार विक्त्रम सिंह, नायब तहसीलदार गौरव तथा नायब तहसीलदार संजय शर्मा सहित संबंधित गांवों के कानूनगों व पटवारियों से गहनता से रबी फसल की गिरदावरी की जानकारी ली और मिसमैच फसलों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने लोहारू तथा टोडा ढ़ाणी के खेतों में जाकर रबी फसलों की मिसमैच गिरदावरी की गहनता से जांच पड़ताल की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कानूनगो सुखबीर सिंह, कानूनगो नारायण सिंह,पटवारी राजेश दहिया, दिनेश सहित संबंधित गांवों के राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।